# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांक :आर0एम0पी0यू0 / 908 /2025–26 दिनांक : 05.05.2025

## प्रवेश सूचना शैक्षिक सत्र 2025–26

**शैक्षिक सत्र 2025–26 से राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ द्वारा प्रवेश/एडमिशन वेब रजिस्ट्रेशन समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा।**

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ के सभी प्रोग्राम/पाठ्यक्रम समर्थ पोर्टल पर दिनांक 05.05.2025 से लाइव हो चुके हैं। इस हेतु प्रवेशार्थी को URL(https://rmpssuadm.samarth.edu.in ) पर जाकर अपना वेब रजिस्ट्रेशन कराना होगा। नवीन प्रवेश हेतु वेब रजिस्ट्रशन शुल्क – स्नातक (UG) लिए रू0 300/–, स्नात्कोतर (PG) के लिए रू0 400/–पंजीकरण शुल्क पेमेंट गेट–वे माध्यम से लिया जायेगा। एक प्रवेशार्थी एक ही पंजीकरण शुल्क में एक से अधिक प्रोग्राम का चयन कर सकता है। एक प्रवेशार्थी विश्वविद्यालय कैम्पस एवं सबद्ध महाविद्यालयों हेतु एक साथ आवेदन कर सकता है। आवेदन/वेब रजिस्ट्रेशन के पश्चात अभ्यर्थी पंजीकरण आवेदन पत्र का प्रिंट(हार्ड कॉपी) लेकर सम्बन्धित संस्थान विश्वविद्यालय कैम्पस एवं सबद्ध महाविद्यालय जहाँ भी वह प्रवेश चाहता है, में जाकर उस संस्थान की प्रवेश समिति कार्यालय में जमा करेगा। सम्बन्धित संस्थान मेरिट लिस्ट बनाने के बाद उस प्रवेशार्थी का प्रवेश मेरिट के अनुसार लेगा। समर्थ पोर्टल के क्रियांन्वन हेतु समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो एवं तकनीकि कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

प्रो0 (एस0के0 रावत)
नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0,
अलीगढ़

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुल सचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0 अलीगढ़।
2. वित्त नियंत्रक, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0 अलीगढ़।
3. परीक्षा नियंत्रक, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0 अलीगढ़।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा–अलीगढ़ परिक्षेत्र आगरा।
5. निजी सचिव मा0 कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्राचार्य समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय।
7. आई0टी0 सेल विश्वविद्यालय परिसर विश्वविद्यालय।
8. वेब मास्टर को इस आशय के साथ कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
9. सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र (अलीगढ़/हाथरस/ एटा /कासगंज) इस आशय से प्रेषित कि छात्रहित में इसे निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
10. गार्ड फाइल।

/

प्रो0 (एस0के0 रावत)
नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0,
अलीगढ़